## एक नजर में

### उपस्वास्थ्य केंद्र सिमलावदा में भी प्रसव सेवाएं प्रारंभ होगी

**रतलाम।** रतलाम जिले के उप स्वास्थ्य केंद्र सिमलावदा को डिलीवरी प्वाइंट के रूप में चिन्हित किया गया था। किंतु विगत समय से नर्सिंग ऑफिसर के सभी पद रिक्त होने के कारण केंद्र पर प्रसव संबंधी सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने मामले में संज्ञान लेते हुए डिलीवरी प्वाइंट सिमलावदा पर प्रसव संबंधी व्यवस्थाएं प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील द्वारा नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती अर्चना मैन्युअल, सुश्री दीपाली गुप्ता, सुश्री अनीता गुर्जर, सुश्री स्मिता गहलोत, सुश्री राधिका राठौर, सुश्री निहारिका पटेल, सुश्री भारती रावल की रोटेशन आधार पर 15 दिवस के लिए ड्यूटी लगाई गई है। 15 दिवस उपरांत पुन: रोटेशन आधार पर ड्यूटी लगाकर प्रसव संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में पृथक से निर्देश जारी किए जाएंगे।

### साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम सर्किल जेल में आयोजित




**रतलाम।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की कार्ययोजना अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सुश्री नीना आशापुरे के मार्गदर्शन में नीरज पवैया, सचिव एवं न्यायाधीश, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री पूनम तिवारी द्वारा सर्किल जेल रतलाम में जेल प्रशासन एवं एल्कोहल अनानिम्स समूह के समन्वय से नालसा नई दिल्ली के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी के अवसर पर डॉन योजना, 2015 और नालसा (नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं और नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन) योजना, 2015 के अंतर्गत 5 जनवरी 2026 से 12 जनवरी 2026 तक साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित बंदियों को नशा न करने की अपील की गई क्योंकि नशा करने से व्यक्ति का जीवन व्यर्थ चला जाता है और सभी उपस्थितजन को बताया कि आप यहां पर किसी न किसी अपराध में अंदर आ तो गए हो लेकिन यहां से जाने के बाद ऐसा संकल्प लेना कि जीवन में कभी भी कोई ऐसी गलती न हो कि यहां दुबारा वापिस आना पड़ें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष एवं अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। सभी बंदियों को मिलने वाली नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में उनको बताया गया तथा सभी बंदियों से उनके अधिवक्ताओं एवं प्रकरणों की स्थिति अपील, जमानत एवं मुलाकात के बारे में भी पूछा गया। उनकी समस्याओं को सुना एवं समाधान भी बताए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक लक्ष्मण सिंह भदौरिया, उप जेल अधीक्षक बृजेश मकवाने, सर्किल जेल रतलाम, अल्कोहल एनॉनिमस समूह के सदस्यगण नवीन, मनीष, राणा एवं डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल डी.एस.पाटीदार, जेल तथा विधिक सहायता का स्टॉफ उपस्थित थे।

### आईसीएआई स्किल एक्स वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन



**रतलाम।** आईसीएआई रतलाम शाखा द्वारा आईसीएआई के सदस्यों हेतु आईसीएआई स्किल एक्स (ICAI SkillX) वक्तृत्व प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सीए मोहित श्रीमाल एवं सचिव सीए शगुन बड़जात्या ने बताया कि यह प्रतियोगिता प्रोफेशनल स्किल्स एनरिचमेंट कमेटी के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य सदस्यों के संवाद कौशल, प्रस्तुतीकरण एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीए अभिषेक जैन ने प्रथम स्थान तथा सीए अभिषेक रांका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल सीए (डॉ.) प्रवीन मंत्री एवं सीए (डॉ.) गौरव गांधी रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के वक्तृत्व कौशल एवं विषय प्रस्तुति के आधार पर निर्णय दिया। प्रतियोगिता के विजेता सीए अभिषेक जैन अब आईसीएआई रतलाम शाखा का प्रतिनिधित्व क्षेत्रीय स्तर पर करेंगे।

### नशे की लत व्यक्ति व परिवार को आर्थिक रूप से कर देती है बर्बाद



जावरा। शहीद नरेन्द्रसिंह शिक्षा महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष में सेवा सप्ताह के अन्तर्गत स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत एवं नशामुक्त समाज के उद्देश्य से नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी पूजा उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि नशा न केवल मानसिक संतुलन को बिगाड़ता है बल्कि अपराध और हिंसा को भी बढ़ावा देता है। नशे की लत के कारण व्यक्ति और परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो जाते है। महाविद्यालय के व्याख्याता संजय कुमार त्रिपाठी ने नशामुक्ति पर अपने विचार साझा करते हुए बताया कि नशा आज हमारे समाज के लिए एक बहुत ही गंभीर समस्या बन चुका है। इसके कारण बहुत से युवाओं का जीवन बर्बाद हो रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेश कुमार शर्मा ने बताया कि भारत में आज के वर्तमान समय में युवा नशा तथा धुम्रपान करने को अपनी शान समझते है। प्रारम्भिक चरण में महाविद्यालय में भाषण, वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता की गई। संचालन व्याख्याता मधु शर्मा एवं आभार राजेंद्र गुप्ता ने माना।

### नरसिंह राठौर की पुण्यतिथि पर गोवंश को गुड़ एवं गो-ग्रास खिलाया

जावरा। पत्रकार स्व. रमेश राठौर व उमाकांत राठौर रतलाम एवं श्री सकल पंच राठौर समाज जावरा के संरक्षक व पत्रकार जगदीश राठौर के पिताश्री व राठौर महिला मंडल उपाध्यक्ष मधुबाला राठौर पत्रकार के ससुर व नेहा राठौर के दादाजी समाजसेवी नरसिंह राठौर की 31 वी पुण्यतिथि के अवसर पर श्री गोपाल इष्टिकाहार गौशाला में गौशाला अध्यक्ष कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य व श्री सकल पंच राठौर समाज जावरा के संरक्षक शिवनारायण राठौर, (सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी संभाग जावरा) व श्री गीता भवन ट्रस्ट के सचिव अशोक सेठिया के विशेष आथित्य में गो वंश को गुड़ एवं गो-ग्रास खिलाया गया इस अवसर पर लायंस क्लब के जन्मदिन समिति संयोजक विजय राठौर पत्रकार, समाजसेवी पवन राठौर (कीर्ति पान भंडार), गोविंद राठौर (गजक वाले), बोरिंग विशेषज्ञ श्यामलाल राठौर, समाजसेवी हेमंत मोहन राठौर (गजक वाले), मनोहर फकीरचंद पटवारी, समाजसेवी शेखर जैन, श्री वत्तर, समाज सेवी मंजुला सेठिया व गौशाला व्यवस्थापक सुश्री माया मोदी व अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

### फैशन शोकेस के साथ ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर का समापन

**रतलाम.** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 का समापन हुआ, जिसने गुरुग्राम, जयपुर और कोलकाता में फैशन अनुभवों के नए मानक स्थापित किए. 'द वन एंड ओनली' थीम के मंच के साथ इस टूर ने भविष्य के फैशन की झलक पेश की और तीन अलग-अलग, लेकिन बेहद प्रभावशाली कहानियों को सामने रखा. इन प्रस्तुतियों ने यह दिखाया कि फैशन को कैसे देखा, महसूस किया और कल्पना की जा सकती है. हर शहर में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन को नई दिशा दी. पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबश्री दासगुप्ता ने कहा, एफडीसीआई के सहयोग से आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है. हमारी 'द वन एंड ओनली' सोच से प्रेरित होकर हम भारत के बेहतरीन डिजाइनरों के साथ मिलकर फैशन और स्टाइल के विकास में लगातार नए मानक स्थापित कर रहे हैं. 'मेकिंग फैशन मूव' के जरिए ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भविष्य के फैशन को दिशा देने वाली एक मजबूत ताकत के रूप में अपनी भूमिका को और मजबूती से सामने रखता है. यह पहल नए विचारों, रचनात्मक सहयोग और ऐसे अनुभवों को आगे बढ़ाती है, जो आने वाले समय के फैशन को परिभाषित करेंगे.

# 2500 बच्चों और पालकों को बुलाकर सम्मान करना अनुपम काम

**चेतन्य काश्यप फाउंडेशन के प्रतिभा सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा**



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में 2500 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बरबड़ स्थित विधायक सभागृह पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री, फाउंडेशन अध्यक्ष चेतन्य काश्यप ने की। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय रहे। इस अवसर पर संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रभारी प्रदीप पांडेय, उज्जैन विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, आयोजन समिति सलाहकार पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, निर्मल लुनिया मंचासीन रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने इस मौके पर कहा कि लोग कई बार बढ़े आयोजन, भंडारे करते है, लेकिन यदि हर व्यक्ति गरीब बच्चों की चिंता कर ले कि इनकी शिक्षा कैसे होगी? इनमें प्रतिभा है तो उसे कैसे आगे बढ़ाएंगे? यदि एक बच्चे की सेवा भी कर ले तो चारधाम की यात्रा से बढ़ा काम होगा। रतलाम में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन व टीम ऐसा ही सुंदर आयोजन कर रही है। 2500 बच्चों एवं पालकों को बुलाकर उनका सम्मान करने का काम अनुपम है। मंत्री श्री काश्यप के कार्य अनुकरणीय है।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि श्री काश्यप शिक्षा हेतु बच्चों का कार्यक्रम सालो से कर रहे है। सरकार ने शायद उनसे ही प्रेरणा लेकर लैपटॉप बांटने का काम किया। खेलकूद के लिए भी वे खेल मेला कर रहे है, जिससे सरकार भी खेलों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने अहिंसा ग्राम में गरीबों के मकान बनाए, उसके बाद प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास की परिकल्पना की। वे उम्मीद करते है कि जनप्रतिनिधि हो, व्यवसायी हो सभी एक न एक काम समाज के लिए जरूर करे। ऐसा होता है तो रतलाम देश दुनिया के नक्शे पर सबसे आगे होगा। जिला प्रभारी प्रदीप पांडे ने कहा कि श्री काश्यप रतलाम के साथ प्रदेश में भी परिवर्तन लाने का काम कर रहे है। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि मंत्री श्री काश्यप बीते 11 वर्षों से लगातार रतलाम की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का काम कर रहे है। खेलों में चेतना खेल मेला के माध्यम से यह काम करते है। स्वागत भाषण में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने बताया कि बीते 11 वर्षों से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हो रहा है। इसमें अब तक 20 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान हो चुका है। पुरस्कार स्वरूप सभी को रिस्ट वाच व शील्ड प्रदान की जाती है। आरंभ में प्रतिभा सम्मान समारोह समिति के सलाहकार निर्मल लुनिया, महेंद्र नाहर, सोना शर्मा, मुकेश सोनी आदि ने स्वागत किया। संचालन विकास शैवाल ने किया। आभार निर्मल लुनिया ने माना।

**युवाओं के लिए आगामी दस वर्ष में एक लाख करोड़ के निवेश आएंगे- मंत्री काश्यप**

कैबिनेट मंत्री एवं फाउंडेशन अध्यक्ष चेतन्य काश्यप ने कहा कि हमने जब यह समारोह प्रारंभ किया, तब 1600 बच्चे थे लेकिन इस वर्ष यह संख्या 2540 तक पहुंच गई है। समारोह में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 121 बच्चे मंचासीन है। बच्चों के बौद्धिक स्तर का विकास निरंतर गति की ओर है और इसके लिए स्कूल संचालक व अभिभावक धन्यवाद के पात्र है। बीते सालो में रतलाम में युवाओं के लिए कई अवसर निर्मित हुए है। निवेश क्षेत्र में आगामी दस वर्ष में एक लाख करोड़ का निवेश आएगा, जिससे बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। आज ये आवश्यक है कि जो पौध हमारे सामने आई है वह संपूर्ण विकास की ओर आगे बढ़े, संस्कार, परिवार के प्रति जवाबदारी और समाज के प्रति जवाबदेही बने।

**मंत्री काश्यप हर वर्ग के लिए काम कर रहे : आर्य**

संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रतिभा को प्रोत्साहित करने काम चेतन्य काश्यप फाउंडेशन कर रहा है। मंत्री श्री काश्यप हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ काम करते है। विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़े। असफल विद्यार्थियों को भी निराश होने की जरूरत नहीं है, वे भी प्रयास करें तो सफल होंगे।

## विजन-2047 और दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर पर उपलब्ध अवसरों पर मंथन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल के अंतर्गत भोपाल आर्थिक क्षेत्र एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र को विकास के प्रमुख इंजन के रूप में विकसित करते हुए औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, मानव संसाधन एवं संस्थागत क्षमताओं का समेकित आकलन कर दोनों क्षेत्रों के लिए इकनॉमिक प्लान तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में शनिवार को कलेक्टर कार्यालय रतलाम में कलेक्टर मिशा सिंह की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैठक में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विजन-2047 एवं दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम जिले की विकास संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नीति आयोग भारत सरकार की इकोनॉमिक सलाहकार सुश्री एना रॉय ने बताया कि नीति आयोग द्वारा वर्ष 2023 में शहरी नियोजन हेतु 'ग्रोथ हब फॉर सिटी रीजन' की नई अवधारणा प्रारंभ की गई है। कलेक्टर ने बताया कि इंदौर ग्रोथ हब में रतलाम जिले को सम्मिलित किया गया है जिसमें रतलाम-नागदा एवं शाजापुर-देवास निवेश क्षेत्र आगामी औद्योगिक विकास के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। नवकरणीय ऊर्जा विण्ड एवं सौलर उर्जा की जिले में अपार संभावनाएं है। इसके लिए उद्योगों की ऊर्जा की आवश्यकताओं को देखते हुए आगामी 10 वर्षों के लिए योजना बनाई जाये। नीति आयोग के सहयोगी सदस्य अरूर्णोदय, अक्षत ठाकुर, मृदूद कारिमी, दीपक राना, सुश्री निहारिका गुप्ता, सार्थक कुमार, प्रशासनिक अधिकारियों में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, एडीसनल एसपी विवेकलाल, निगमायुक्त अनिल भाना, पीओ डूडा अरूण पाठक सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जिला योजना अधिकारी बीके पाटीदार ने स्वागत एवं आभार प्रदर्शन किया गया।

## युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम

**रतलाम।** स्वामी विवेकानंदजी के जन्मदिवस युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन सभी विद्यालयों, महाविद्यालय, शैक्षणिक संस्थानों आदि स्थानों पर होगा। जिला स्तरीय आयोजन रतलाम के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जनवरी को प्रात: 9.00 बजे कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों का एकत्रीकरण एवं सूर्य नमस्कार हेतु पंक्तिबद्ध होंगे। प्रात: 9.20 बजे मुख्य अतिथि तथा अन्य जनप्रतिनिधियों का आगमन होगा। शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 9:30 से 10:15 बजे तक आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानन्द का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संदेश का प्रसारण होगा। इसके बाद रेडियों प्रसारण में दिए गए संकेतों के अनुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया जायेगा। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों से एक साथ प्रसारित किया जाएगा।

## वीबी-जी रामजी योजना में डिजिटलीकरण के साथ मॉनिटरिंग होगी

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने वीबी-जी रामजी योजना पर कहा**




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में क्रांति लाएगी वीबी-जी रामजी योजना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जीरो टॉलरेंस पर कार्य करते हुए मजदूरों की उपस्थिति डिजिटलीकरण के साथ मॉनिटरिंग की व्यवस्था है। नए प्रावधानों से गांवों में अधोसंरचना का विकास होगा।

उक्त बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को अतिथि गार्डन में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। आपने कहा कि योजना में रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में मजदूरी भत्ते का भी प्रावधान किया है। नई योजना में ग्राम पंचायतों को परिवार का पंजीयन और रोजगार गारंटी का अधिकार दिया गया है। नई योजना में राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जिसका सीधा फायदा ग्रामीण क्षेत्रों को होगा। ग्राम पंचायतों, गांवों में विकास के साथ निर्माण कार्य भी कराए जा सकेंगे। कई ऐसे कार्यों को नई योजना में शामिल किया गया है, जो पहले की योजना में नहीं थे। पहले यह योजना नरेगा थी, बाद में बदलाव कर महात्मा गांधी नरेगा योजना किया गया। इस योजना के जरिए राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों और गांवों में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों की आजीविका के स्थायी स्रोत विकसित किए जाएंगे। इस योजना में ऐसा प्रावधान भी किया गया है कि फसलों की बुवाई-कटाई के समय खेती के लिए मजदूर मिल सकें। इसका फायदा मजदूरों को होगा। उन्हें 125 दिन रोजगार की गारंटी तो वीबी-जी रामजी योजना के तहत है ही, 60 दिन खेतों में मजदूरी के लिए भी मिल जाएंगे। मजदूरों को 185 दिन का रोजगार गांवों में ही मिल सकेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी जीरो टॉलरेंस पर कार्य हो रहा है। इस योजना में तनिक भी भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं है। पत्रकारवार्ता में मंत्री चेतन्य काश्यप, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रभारी प्रदीप पांडेय, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय, महापौर प्रहलाद पटेल, राम टोली के संयोजक महेश सोनी, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी एवं सह प्रभारी निलेश बाफना मंचासीन

## नए प्रावधानों में गांवों में रहने वाले हजारों मजदूरों को योजना से बाहर किया




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म कर नया कानून 'विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) अधिनियम 2025' लागू किया जा रहा है, जो पूरी तरह मजदूर-विरोधी है। उन्होंने कहा कि इस साजिश की मुख्य भूमिका केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की है, जिन्होंने संसद में यह विधेयक पेश कर ग्रामीण गरीबों के काम के अधिकार को कुचल दिया। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को समाप्त करने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है।

कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत एवं पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने संयुक्त प्रेसवार्ता में कहा कि मोदी सरकार गरीबों से उनका रोजगार छीनने की तैयारी कर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस साजिश की मुख्य भूमिका केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की है, जिन्होंने संसद में यह विधेयक पेश कर ग्रामीण गरीबों के काम के अधिकार को कुचल दिया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा में भ्रष्टाचार के आरोप सिर्फ बहाना हैं। असल सच्चाई यह है कि भाजपा सरकार ने बीते वर्षों में जानबूझकर योजना को कमजोर किया और अब उसे खत्म करने का रास्ता साफ कर रही है। इस नए कानून से मध्यप्रदेश के करीब 92 लाख सक्रिय मजदूरों की रोजी-रोटी केंद्र सरकार की दया पर निर्भर हो जाएगी। प्रेसवार्ता में बताया गया कि नए कानून के तहत फंडिंग पैटर्न 60:40 होने से राज्य सरकार पर सालाना 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जबकि प्रदेश पहले से ही कर्ज में डूबा हुआ है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, यास्मीन शेरानी, कमरुद्दीन कचवाया, सुजीत उपाध्याय मौजूद रहे।



## वृद्धजनों का स्वास्थ्य जांच डाइट चार्ट निर्धारित किया

**रतलाम।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वृद्धाआश्रम पर पहुंचकर वृद्धजनों की जांच की। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वर्षा कुरील ने बताया कि अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव के निर्देशानुसार भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा रतलाम द्वारा सेवा सप्ताह अंतर्गत शनिवार को विरिया खेड़ी स्थित वृद्ध आश्रम पर डॉक्टर योगेश पाटीदार चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा रतलाम हॉस्पिटल में पदस्थ डाइटिशियन डॉक्टर शिफा खान द्वारा वृद्धजनों के वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सभी वृद्धजन का पृथक-पृथक डाइट चार्ट निर्धारित किया गया तथा डाइट चार्ट की सूची संस्था में जमा कर दी गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ गौरव बोरीवाल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मारपीट पर दो को 1 वर्ष का कठोर कारावास

जावरा। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय नानसिंह ताहेड द्वारा आरोपीपृथ्वीराज पिता हीरालाल गायरी उम्र 66 साल व मुकेश पिता पृथ्वीराज गायरी उम्र 36 साल, निवासी ग्राम कमलाखेडा, थाना पिपलौदाको 325 सहपठित धारा 34(1) भादस में एक-एक वर्ष का कठोर कारावास एवं 8000-8000 रू अर्थदण्ड तथा धारा 323 सहपठित धारा 34(2) भादस में तीन-तीन माह का कठोर कारावास एवं 1000-1000 रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पैरवीकर्ता सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भुपेन्द्र कुमार सांगते तथा राजेन्द्र देवडा द्वारा बताया की कचरूलाल पोरवाल की माता कंकुबाई पोरवाल 6अक्टुम्बर 2020 को शाम लगभग 5:30 बजे खेत पर थी, उसी दौरान खेत पडोसी मुकेश पिता पृथ्वीराज गायरी टेक्टर लेकर आया और कंकुबाई पोरवाल को बोला कि गेट हटाओ, वह टेक्टर निकालेगा। उक्त बात को लेकर कंकुबाई पोरवाल ने बोला कि उनका निजी रास्ता है तभी मुकेश गायरी ने कंकुबाई पोरवाल को गालियां दी थी और मारपीट करने लगा, जिससे दायां हाथ की कोहनी में चोट लगने से खून निकल आया था। उसका लडका दिलीप पोरवाल कंकुबाई पोरवाल को बचाने गया तो मुकेश गायरी ने दिलीप पोरवाल के साथ भी मारपीट की थी, जिसे दायां गाल, बांया पैर पर चोट लगी थी। उसे घटना की सूचना मिलने पर तुरंत खेत पर पहुंचा था तभी पृथ्वीराज गायरी ने उसे लकडी से मारा, जिससे उसके सिर दोनों हाथ, दोनो पैर, पीठ आदि चोट लगने से खून निकल आया था। मुकेश गायरी के पास तलवार और पृथ्वीराज गायरी के हाथ में लकडी थी। मौके पर भगवतीलाल कलाल, प्रदीप कलाल ने बीच बचाव कर छुडाया था। दोनों जाते समय बोल रहे थे कि आइंदा रास्ते से नहीं निकलने दिया तो जान से मार देंगे। उसके उपरांत उसने माता कंकुबाई, लडका दिलीप के साथ थाना पिपलौदा पर जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियोग-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। आई साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए जारी जारी किए।

**आयोजन** | **अंबेडकर क्रिकेट क्लब कर रहा वाल्मीकि चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन**

# फाइनल मुकाबला आज, ट्रॉफी के साथ जितने वाली टीम को मिलेगे 52 हजार



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** अंबेडकर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित वाल्मीकि चैंपियन ट्रॉफी 2026 अपने रोमांचक पड़ाव पर पहुँच चुकी है। स्थानीय खेलों को बढ़ावा देना और समाज के वरिष्ठजनों का खेल के मैदान पर उपस्थित होना युवाओं के लिए बेहद उत्साहजनक होता जा रहा है।

वाल्मीकि चैंपियन ट्रॉफी चौथे दिन के मुकाबले नंदूरबार (महाराष्ट्र), उदयपुर, बड़नगर और जावरा के बीच कडी टक्कर हुई। सेमीफाइनल की चौथी टीम जावरा वाल्मिकी ने शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। कार्यक्रम अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल दसेडा ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। समाज के वरिष्ठ राजेंद्र कल्याणी, रमेशचंद्र चौहान, मनोहर कंडारे, भारत बिडवान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आज रविवार 11 जनवरी को टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी के साथ 52 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**होगी कांटे की टक्कर**

आयोजनकर्ताओं के अनुसार सेमीफाईन तक पहुंची टीमें बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। जावरा वाल्मिकी की टीम के साथ-साथ अन्य तीन टीमें उदयपुर वाल्मिकी, अम्बेडकर जावरा, प्रतापगढ वाल्मिकी सेमीफाइनल में पहुँची हैं। उनके बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है।